▼ ब्रीफ खबरें

### विधायक ने किया पुल निर्माण का शिलान्यास

**टुंडी।** टुंडी प्रखंड सलैया जोरिया से राजग्रामपुर जाने वाली पथ में पुल नहीं रहने से ग्रामीण वर्षों से परेशान थे.इसकी जानकारी टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो को दी थी. विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने अनुशंसा कर कर जिला प्रशासन को दिया. प्रशासन ने जिला अनाबद्ध निधि से लगभग 44लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की. जिसकी आज विधिवत शिलान्यास टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने नारियल फोड़कर किया. उन्होंने कहा कि इसके बन जाने से लगभग बीस गांवों के लोगों को आवागमन के लिए सुविधा होगी.इस मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो, टुंडी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, विधायक प्रतिनिधि फुलचंद किस्कू, बसंत महतो, रामचंद्र राणा आदि मौजूद थे.

### जिप सदन में लगेगी शहीद शक्तिनाथ महतो की तस्वीर

**तेतुलमारी।** झारखंड के आंदोलनकारी शहीद शक्तिनाथ महतो की तस्वीर जिला परिषद सदन में लगाने को लेकर जिला पार्षद सदस्य द्वारा प्रस्ताव रखकर मांग की गई थी. जिसे जिला पार्षद सदन में पारित होने पर शनिवार को तेतुलमारी के शक्ति चौक में शाहिद शक्ति नाथ महतो स्मारक समिति के सदस्यों द्वारा जिला परिषद सदस्य शारदा सिंह को सम्मानित किया. बलिदानी शक्तिनाथ महतो की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं मिठाई बांटी गई. झारखंडी नृत्य प्रस्तुत किया गया. स्मारक समिति के सदस्य शिवप्रसाद महतो ने कहा कि वर्षो से शहीद शक्तिनाथ महतो की तस्वीर जिला परिषद सदन में लगाने की मांग जिला परिषद अध्यक्ष से किया जा रहा था.

### झामुमो पंचायत अध्यक्ष के राशन दुकान में चोरी

**टुंडी।** दक्षिणी टुंडी के कटनियां पंचायत के मिर्जापुर गांव में झामुमो पंचायत अध्यक्ष धनेश्वर मुर्मू के राशन दुकान में अज्ञात चोरों ने धावा बोला. चोरों ने रात में दुकान के भेंडिलेटर और कोरगेट तोड़कर लगभग 10 हजार रुपये की चोरी की, जिसमें 3 हजार रुपये नगदी और विभिन्न सामग्री शामिल हैं. धनेश्वर मुर्मू ने बताया कि उनका बेटा दुर्गा प्रसाद मुर्मू रात में दुकान पर सोया था, लेकिन चोरों की आवाज से वह जाग नहीं पाया.

### इंटरलॉकिंग कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**धनबाद।** दक्षिणी पूर्व रेलवे के आद्रा रेल मंडल के गौरीनाथ धाम स्टेशन पर इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है. 6 से 8 अक्टूबर तक आद्रा-बरकाकाना पैसेंजर निरस्त किया गया है. धनबाद-झारग्राम एक्सप्रेस 7 और 8 अक्टूबर को नहीं चलेगी. पुरुषोत्तम एक्सप्रेस 6 और 7 अक्टूबर को अपने नियमित रूट के बदले भोजूडीह, तालगड़िया, गोमो के रास्ते नई दिल्ली जाएगी.

### मुकेश सिंह करेंगे दुर्गापूजा पूजा पंडाल का उद्घाटन

**धनबाद।** झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह पाथूरिया दुर्गापूजा समिति पूजा पंडाल का उद्घाटन करेंगे.शनिवार को श्री श्री दुर्गापूजा समिति पाथूरिया बरमसिया पूजा पंडाल कमिटी के पदाधिकारीगण झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह से मिलकर उन्हें पूजा पंडाल के उद्घाटनकर्ता के रूप में आमंत्रित किया.

## आग लगने से लाखों की संपत्ति जलकर राख



▪ सरकार से आर्थिक मदद की गुहार

संवाददाता। पुटकी

भागाबांध ओपी अंतर्गत लालपुर गांव में शुक्रवार की रात अर्जुन दास के घर में आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गया. भुक्तभोगी अर्जुन दास ने बताया कि घटना के वक्त बहु घर में सिलाई कर रही थी. शॉर्ट सर्किट होने पर देखते ही देखते आग लग गई. गांव के लोगो की मदद से आग पर काबू पाया गया.

घर में रखे कपड़े , टीवी , सोफा, अलमारी, बर्तन समेत अन्य सामान जल गए. आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड कर्मी भी दमकल की गाड़ियां लेकर नहीं पहुंचे. भुक्तभोगी ने सरकार से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है.

## चार सूत्री मांगों को लेकर सेल पिकर के मजदूरों का प्रदर्शन

▪ सकारात्मक वार्ता के बाद आंदोलन समाप्त

संवाददाता। बरोरा



बरोरा क्षेत्र के मुराईडीह कोलियरी में कार्यरत सेल पिकर मजदूरों ने चार सूत्री मांगों को लेकर शनिवार की सुबह एटक के बैनर तले बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया. इस दौरान मजदूरों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की. धरना प्रदर्शन के करीब चार घंटे बाद दोपहर 12 बजे यूनियन प्रतिनिधियों की अगुवाई में बरोरा एरिया के क्षेत्रीय प्रबंधन के साथ पीएफ, पेंशन, बोनस, मृतक मजदूर के आश्रित को नियोजन समेत अन्य मांगों को लेकर सकारात्मक वार्ता हुई. इसके बाद कार्य चालू हुआ. वार्ता में प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी काजल सरकार समेत अन्य अधिकारी शामिल थे. वहीं यूनियन की ओर से यूनियन की ओर से क्षेत्रीय अध्यक्ष नर्मदेश्वर पांडे, सचिव संतोष गोराई, मुखिया प्रतिनिधि देवानंद साव, संतोष रवानी, अनिल कुमार, मुबारक अंसारी, अरुण रवानी, छोटन विसियार, दिलीप प्रजापति, दीपक गोराई, राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे.

## थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों परिजनों ने दिया धरना

▪ विधायक राज सिन्हा ने की मुलाकात, सहयोग का आश्वासन

संवाददाता। धनबाद

थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने शनिवार को रणधीर वर्मा चौक पर धरना दिया. धरना में करीब 40 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चे और उनके परिजन शामिल हुए. धरना का नेतृत्व अंकित राजगढ़िया और रवि शेखर ने किया. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के परिजनों से मुलाक़ात कर उनकी समस्याओं से अवगत हुए. विधायक ने परिजनों को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया. साथ ही कहा कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की आवाज़ आगे तक पहुंचाया जाएगा. धरना दे रहे एक बच्ची के पिता गणेश शर्मा ने बताया कि सरकार ने उनकी मांगें पूरी नहीं की, जिसके कारण बाध्य होकर धरना देना पड़ा. अंकित राजगढ़िया ने कहा कि डीसी, एसएनएमएमसीएच के अधीक्षक, सिविल सर्जन और अनुमंडल पदाधिकारी से मुलाकात कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए दवाइयां और डे केयर सेंटर की मांग रखी थी. बिना जांच और दवाइयों के अभाव में बच्चे मर रहे है.

रवि शेखर ने कहा कि बच्चों के जीवन की रक्षा करना सरकार की जिम्मेवारी है. जब तक मांगें पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रखा जाएगा. धनबाद की कई संस्थाओं ने इसका समर्थन किया है.

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद योगी सरकार ने की मदद

## यूपी के अतुल का आईआईटी आइएसएम में हुआ एडमिशन



संवाददाता। धनबाद

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के रहने वाले अतुल कुमार शनिवार को एडमिशन कराने आइआइटी आइएसएम धनबाद पहुंचे. उनके साथ पिता राजेंद्र कुमार और मामा ललित कुमार भी साथ में थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद अतुल का एडमिशन आइआइटी आइएसएम में हुआ है. निर्धारित तिथि खत्म होने और 17500 फीस की व्यवस्था नहीं होने के कारण अतुल का एडमिशन आइएसएम में नहीं हो सका था. इसके बाद अतुल ने सुप्रीम कोर्ट की शरण ली. अतुल की फीस भरने में उत्तर प्रदेश सरकार ने भी मदद की है.

**अम्बर होस्टल के कमरा नम्बर ए 43 में मिली जगह :** आईएसएम पहुंचे अतुल ने बताया कि उन्हें संस्थान के अंबर हॉस्टल का कमरा नंबर ए-43 अलॉट किया गया है. कुछ दिन यहां रहने के बाद दुर्गा पूजा और दशहरा की छुट्टी में अपने घर मुजफ्फरनगर चले जाएंगे. वापस आने के बाद आकर नियमित क्लास करेंगे. अतुल ने बताया कि तीन अक्टूबर को आइआइटी आइएसएम लेटर मिला. अतुल ने बताया कि उनके दो बड़े भाई इंजीनियरिंग कर रहे हैं. एक भाई मोहित कुमार एनआइटी हमीरपुर से कंप्यूटर साइंस ब्रांच में एमटेक, दूसरे भाई रोहित आइआइटी खड़गपुर से केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच से बीटेक कर रहे हैं. कालेज खदौली मुजफ्फरनगर से स्नातक कर रहे हैं. पापा राजेंद्र कुमार ने उनकी पढ़ाई का खर्च गांव वालों से कर्ज लेकर पूरा किया है. इसी कारण कानपुर में रहकर कोचिंग की और जेईई मेन और जेईई एडवांस की तैयारी की.

### दो महीने की पढ़ाई पीछे, सेल्फ स्टडी से करेंगे पूरी

अतुल ने आइआइटी आइएसएम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच लेकर बीटेक एडमिशन लिया है. अतुल ने बताया कि आइएसएम में एडमिशन नहीं होने की वजह से दो महीने पढ़ाई पीछे छूट गई है. पिछला कोर्स पूरा करने के लिए सेल्फ स्टडी करेंगे. पूरा जोर लगा देंगे. संस्थान के प्रोफेसर से भी मदद लेंगे. अपने सहपाठियों की मदद से भी कोर्स पूरा करेंगे. अतुल ने बताया कि इंजीनियरिंग बनने का सपना उन्होंने अपने दोनों बड़े भाइयों से प्रेरित होकर देखा है. पढ़ाई पूरी करने के बाद अच्छी कंपनी में जाब कर पिता की आर्थिक स्थिति सुधारना है.

### सरकारी स्कूल में हुई प्रारंभिक शिक्षा

अतुल की स्कूली शिक्षा उत्तर प्रदेश बोर्ड से हुई है. टिटोडा गांव के अतुल ने गांव के पब्लिक स्कूल से आठवीं तक पढ़ाई पूरी की. इसके बाद स्वामी विरजानंद स्कूल से दसवीं और शिशु शिक्षा निकेतन खदौली से इंटर की पढ़ाई पूरी की. इसके बाद जेईई मेन की तैयारी करने कानपुर चले गए.

## डीएसई ने शिक्षकों के आरोप को नकारा, किया शो-कॉज

संवाददाता। धनबाद

शिक्षकों के एक गुट द्वारा जिला शिक्षा विभाग कार्यालय पर रिश्वत मांगने के लगाए गए आरोप को जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार ने नकार दिया. आरोप को गलत और भ्रामक करार देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यालय में किसी प्रकार की रिश्वत नहीं ली जाती. कार्यालय के कोई भी कर्मी रिश्वत की मांग करे तो इसकी शिकायत तत्काल कार्यालय में करें. रिश्वत मांगने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने कहा कि इस मामले में दो शिक्षकों को शो कॉज किया गया है. दोनों को कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है. विभाग में कार्य पारदर्शिता और नैतिकता के साथ की जाती है. शिक्षा विभाग में किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. जिला शिक्षा अधीक्षक ने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की शिकायत कार्यालय आकर करें.

**क्या है मामला :** शिक्षकों के एक गुट ने जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय में हर काम के लिए रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था. बलियापुर अंचल में पदस्थापित शिक्षक राजेश कुमार पाल ने बाकायदा कार्यालय में रिश्वत का फिक्स्ड रेट का लिस्ट बनाकर व्हॉस्टएप पर डाल दिया था. बाघमारा में पदस्थापित शिक्षक संजय सुमन ने ग्रेड 4 में शिक्षकों की पोस्टिंग और फिक्सेशन में लाखों रुपए रिश्वत लेने का आरोप शिक्षा विभाग पर लगाया था. संजय सुमन ने शिक्षकों के व्हॉस्टएप ग्रुप में नगर निगम के आठ किलोमीटर दायरे में आने वाले शिक्षकों को लूटने का आरोप विभाग पर लगाया था.

### दोनों शिक्षकों से दो दिनों में मांगा स्पष्टीकरण

बलियापुर अंचल में पदस्थापित शिक्षक राजेश कुमार पाल और बाघमारा में पदस्थापित शिक्षक संजय सुमन को शो कॉज किया गया है. दोनों को कार्यालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने को कहा गया है. जिस व्हाट्सएप ग्रुप में पोस्ट कर वायरल किया गया था, उस ग्रुप एडमिन को भी शो कॉज किया गया है.

### आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं की हड़ताल 7 अक्टूबर से

**तोपचांची।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर आठ सूत्री मांगों को लेकर धनबाद जिला के सभी सेविका और सहायिका की बेमियादी हड़ताल 7 अक्टूबर से शुरू होगी. हड़ताल होने पर जिला के आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताले लटक जाएंगे. हड़ताल का असर बच्चों को मिलने वाले पोषण युक्त आहार और टीकाकरण पर भी पड़ेगा. साथ ही बीएलओ का काम भी प्रभावित होगा. बेमियादी हड़ताल पर जाने को लेकर शनिवार को उपायुक्त और जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आवेदन दिया गया. हड़ताल रणधीर वर्मा चौक पर शांति पूर्ण तरीके से किया जाएगा.

## बिजली बिल माफी को लेकर विधायक मथुरा ने किया प्रमाण पत्र का वितरण

▪ पूर्व की रघुवर सरकार पर कसा तंज

संवाददाता। तोपचांची




तोपचांची प्रखंड सभागार में शनिवार को विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के विद्युत उपभोक्ताओं के बीच बिजली बिल माफ करने को लेकर प्रमाण पत्र का वितरण किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता से किए वादे को धरातल पर उतारने का काम किया है. ग्रामीण क्षेत्रों में एक महीने में 200 यूनिट तक बिजली खपत जिन उपभोक्ताओं की होती है, उनके बिजली बिल माफ किए गए हैं.

बिजली बिल माफी का प्रमाण पत्र उपभोक्ताओं के बीच वितरित किया गया है, जो इस बात का प्रमाण है कि बिजली बिल माफ की गई है. विधायक ने कहा कि मंइयां सम्मान योजना का लाभ हर घर के दो-तीन महिलाओं को मिल रहा है. हेमंत सरकार के कार्यकाल में राज का लगातार विकास हो रहा है. पूर्व की रघुवर सरकार पर तंज कसते हुए विधायक ने कहा कि अपने शासन काल में उन्होंने सिर्फ हाथी उड़ाने का काम किया.

मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, बीस सूत्री अध्यक्ष विकास तिवारी, तोपचांची अंचलाधिकारी डॉ. संजय कुमार, तोपचांची प्रखंड विकास पदाधिकारी फणीश्वर रजवार, सहायक विद्युत अभियंता संतोष मंडल समेत अन्य सरकारी पदाधिकारी उपस्थित थे.

### सीआईएसएफ जवान ने की आत्महत्या



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना क्षेत्र के लायकडीह सीआईएसफ कैंप के एक जवान ने पंखे के सहारे फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली. मृतक जवान का नाम 24 वर्षीय जवान आकाश कुमार है. वह पंजाब के पठानकोट का रहने वाला था. एक माह पूर्व ही स्थानांतरित होकर वह लाइकडीह सीआईआईएस कैंप आया था. कैंप में उसके साथ रहने वाले सहकर्मियों ने फंदे से लटकता उसका शव देख चिरकुंडा थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी. खबर पाते ही चिरकुंडा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और फंदा काटकर शव नीचे उतारा. पुलिस ने कागजी प्रकिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया है. आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है. पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है.

## एग्यारकुण्ड प्रखंड सभागार में गुरु गोष्ठी का आयोजन

▪ बीईईओ ने मध्याह्न भोजन बंद नहीं करने का दिया निर्देश

संवाददाता। मैथन



मध्याह्न भोजन योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ने, उपस्थिति बढ़ाने, ड्रॉप आउट कम करने और पौष्टिक खाना उपलब्ध कराना है. उक्त बातें शनिवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड सभागार में आयोजित मासिक गुरु गोष्ठी सह समीक्षा बैठक में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) सपन कुमार मंडल ने कही. उन्होंने विभिन्न स्कूलों के प्राचार्यों को किसी भी परिस्थिति में मध्यान्ह भोजन बंद नहीं करने का निर्देश दिया. गुरु गोष्ठी में रूआर अभियान, प्रयास कार्यक्रम, बच्चों का आधार एवं बैंक खाता, जन्म प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोशाक, सोशल ऑडिट, पाठय पुस्तक वितरण, बेस लाइन सर्वे रिपोर्ट, मध्यान भोजन समेत अन्य विषयों पर चर्चा की गई. बैठक में बीआरपी रहमान अंसारी, प्रमोद कुमार झा, मंसूर रहमान, अजीम अंसारी, सोहेल अख्तर, संतलाल बैठा, संजय कुमार सिंह, दिलीप पासवान, रविंद्र कुमार पराशर, सुनील भगत, सुरेंद्र कुमार वर्मा, विष्णु लाल, पवन कर्ण, बसंती मरांडी, लिपिका दास, विनोद कुमार चौधरी, प्रसनजीत मुखर्जी, विनीत कुमार मिश्रा, कालीचरण कुमार, चंदन मिश्रा, धीरेंद्रनाथ तिवारी, पंकज कुमार, शशिकांत प्रसाद, गौतम झा, राजीव गोप समेत अन्य शिक्षक उपस्थित थे.

### दिव्यांग बच्चों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**धनबाद।** नारायणी चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों की विशेष स्कूल पहला कदम में शनिवार को स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और सीआरवाई के सौजन्य से एक निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित किया गया. इस कैंप में सीएचसी धनबाद और 108 एंबुलेंस इमरजेंसी सर्विस की टीम ने भाग लिया. फिजिशियन डॉक्टर आलम ने सभी दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और आवश्यकतानुसार निःशुल्क मेडिसिन और विटामिन प्रदान किए गए. सचिव अनिता अग्रवाल ने बताया कि पहला कदम में समय-समय पर निःशुल्क हेल्थ चेक अप कैंप आयोजित किए जाते हैं. इस मेडिकल कैंप में करीब 100 दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों ने स्वास्थ्य जांच कराकर दवा प्राप्त की. अनिता अग्रवाल ने समाज के हर वर्ग से आग्रह किया कि इन बच्चों के कदम से कदम मिलाकर उन्हें आगे बढ़ने में मदद करें.

## सम्मान राशि के लिए अधिवक्ताओं का हल्ला बोल

▪ सुनीता साहनी ने 724 अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त आवेदन बार में दिया

▪ अधिवक्ताओं ने एक स्वर में सम्मान राशि अविलंब देने की मांग की

संवाददाता। धनबाद



पिछले साल के भांति इस साल अभी तक सम्मान राशि नहीं दिए जाने के विरोध में अधिवक्ताओं ने शनिवार को एसोसिएशन के पोडियम में इकट्ठा होकर बार प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए. अधिवक्ताओं की अगुवाई अधिवक्ता गजेंद्र कुमार ने किया और पूरे बार के प्रांगण में घूम कर सम्मान राशि अविलंब देने की मांग की, विदित हो कि सम्मान राशि देने के लिए बार के कई अधिकारी और सदस्य ने भी लिखित रूप से अध्यक्ष और सचिव को दिया जिसपर कोई संज्ञान नहीं लिया गया और अंततः अधिवक्ताओं को आज आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ा . अधिवक्ता गजेंद्र ने कहा कि दुर्गापूजा के समय में अभी अधिवक्ताओं के लिए सबसे ज़्यादा ज़रूरी सम्मान राशि हैं जिससे अधिवक्ताओं को सीधा फ़ायदा होगा और दुर्गा पूजा में सभी अधिवक्ताओं को बार द्वारा दिया गया ये रुपया पूजा में खर्च के काम आएगा जिससे हरेक अधिवक्ता ख़ुशी ख़ुशी पूजा का आनंद लेंगे . उन्होंने ये भी कहा की बार में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर हैं क्योकि राज्य के छोटे छोटे बार द्वारा 11000 रुपया जैसा बड़ा रकम दिया गया और राज्य का सबसे बड़ा बार ऐसोसिएशन होने के बाद भी धनबाद बार में अब तक कोई घोषणा तक नहीं किया गया जबकि ये अधिकारियों का चुनावी मुद्दा था की हर साल सम्मान राशि दिया जाएगा जो एक धोखा के समान हैं और जिसका जवाब यहाँ के अधिवक्ता आने वाले चुनाव में अवश्य देंगे, उन्होंने ये भी कहा की बार द्वारा मॉडल रूल का धज्जी उड़ाया जा रहा हैं और कोई काम मॉडल रूल के तहत नहीं किया जा रहा हैं . सुनीता साहनी ने 724 अधिवक्ताओं द्वारा हस्ताक्षर युक्त आवेदन बार में दिया जो साबित करता हैं की सभी अधिवक्ता सम्मान राशि के पक्ष में हैं . मौक़े पर मौजूद सभी अधिवक्ताओं ने एक स्वर में सम्मान राशि अविलंब देने की माँग की .

## बच्चों ने खेसमी ग्राम पंचायत सचिवालय का किया भ्रमण

### योजनाओं व कार्य प्रणाली की दी गई जानकारी



संवाददाता। गोमो

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गोमो के छात्र-छात्राओं की टीम शनिवार को खेसमी ग्राम पंचायत सचिवालय का भ्रमण किया. स्थानीय मुखिया सचित्रा देवी ने ग्राम पंचायत के कार्य प्रणाली और योजनाओं की जानकारी बच्चों को दी. मुखिया ने बच्चों से कहा कि पांच हजार की आबादी पर ग्राम पंचायत तथा पांच सौ की आबादी पर वार्ड का निर्धारण किया जाता है. विकास योजना ग्राम सभा में पारित होने के बाद मुखिया एवं पंचायत सचिव धरातल पर उतारते हैं. मनरेगा योजना के तहत ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराया जाता है. इस दौरान बच्चों को वार्ड सदस्यों, ग्राम पंचायत समिति, जिला परिषद् और मुखिया के चुनाव और उनके अधिकारों की जानकारी दी गई.

भ्रमण के दौरान बच्चों के साथ केंद्रीय विद्यालय की शिक्षका दीपा कुमारी, स्वाति भगत, विष्णु दुबे और सुजीत कुमार मौजूद थे. मौके पर मुखिया सुचित्रा देवी समेत पंचायत सचिव, उप मुखिया और वार्ड सदस्य उपस्थित थे.

### नए प्रभारी नितेश कुमार मिश्रा का स्वागत



**निरसा/कालूबाथान ।** कालूबथान ओपी के नए प्रभारी नितेश कुमार मिश्रा का समाजसेवी कुलदीप अग्रवाल और आंसु ग्रोवर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया. इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए निष्पक्षता और निडरता से काम करना जरूरी है. इसके अलावा, पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय बनाए रखने पर भी जोर दिया गया. नितेश कुमार मिश्रा ने भी कहा कि वे निष्पक्षता से काम करेंगे और किसी भी पक्षपात से बचेंगे. पुलिस और पब्लिक के बीच मधुर संबंध स्थापित करने का प्रयास करेंगे और क्षेत्र में अमन-चैन बनाए रखने के लिए पूरी कोशिश करेंगे.



राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in

धनबाद 06 अक्टूबर 2024 ● आश्विन शुक्ल 04, संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 178

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### टाटा मैजिक का टायर फटने से आधा दर्जन लोग घायल

**धनबाद।** राजगंज थाना के निकट कोटालअड्डा के पास नेशनल हाईवे 2 पर एक टाटा मैजिक का टायर फटने से बड़ा हादसा हो गया। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सभी घायलों को शहीद निर्मल महतो कॉलेज अस्पताल लाया गया, जहां उनका प्राथमिक इलाज किया जा रहा है। एक घायल व्यक्ति ने बताया कि वे झड़कु बाजार, हजारीबाग से सब्जी लेकर टाटा मैजिक से राजगंज लौट रहे थे, तभी कोटाल अड्डा के समीप मैजिक की पीछे वाली टायर फट गई और वाहन असंतुलन होकर पलटी मार दी, जिससे कई लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद की और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। घायल व्यक्तियों में अर्जुन महतो, मंगल साव, रामा पंडित, जागो पंडित, गोदी राम साव गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि अन्य को हल्की चोटें आई हैं।

### अनाथ बच्चों के लिए डालसा की अनोखी पहल

**धनबाद।** डालसा की पहल से नवरात्र के दौरान शनिवार को पांच अनाथ बेटियों को नया जीवन मिला। झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार एवं धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत गठित स्पेशल टीम ने हिरापुर मध्य विद्यालय में पढ़ रहे पांच ऐसे नाबालिग बेटियों एवं चार नाबालिग लड़कों को चिन्हित किया, जो अत्यंत गरीब हैं और जिनके माता-पिता की मृत्यु हो चुकी है। ये बच्चे अपने रिश्तेदारों के यहां रहते हैं और स्कूल के बाद दुकानों में काम करते हैं। स्पेशल टीम ने शनिवार को इसकी सूचना डालसा को दी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने फौरन इस सूचना पर कार्रवाई करने का आदेश सचिव डालसा राकेश रोशन को दिया। सचिव ने सीडब्ल्यूसी के चेयरमैन उत्तम मुखर्जी एवं हिरापुर मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापिका को सभी चिन्हित 9 नाबालिगों के साथ डालसा कार्यालय में बुलाया। मौके पर ही पांच नाबालिग बेटियों एवं चार नाबालिग बच्चों के सभी आवश्यक दस्तावेज तैयार किए गए।

### बोकारो एसपी पूज्य प्रकाश मुंबई में इलाजरत

बोकारोः बोकारो जिला के एसपी पूज्य प्रकाश मुंबई में इलाजरत हैं। लंबे समय से छुट्टी में रहने के कारण दैनिक कामकाज में आ रही परेशानियों को देखते हुए धनबाद ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। अब बोकारो जिला से संबंधित दैनिक कार्य कपिल चौधरी देखेंगे। डीआईजी ने इससे संबंधित पत्राचार कर पुलिस मुख्यालय को भी सूचना दी है। पूज्य प्रकाश ने पूर्व में स्वीकृत अवकाश को रद्द करते हुए 15 दिनों का उपार्जित अवकाश स्वीकृत करने के लिए अनुरोध किया था। एसपी के इतने लंबे समय तक अवकाश में रहने के कारण पुलिस एसपी स्तर के कार्यों के निष्पादन में कठिनाई आ रही थी.

**आरोप-प्रत्यारोप :** जिप सदस्य ने जिला अभियंता पर लगाया 50 हजार घूस लेकर टेंडर मैनेज करने का आरोप

# जिप सदस्यों के हंगामे के बीच जिला परिषद में डीआरडीए का विलय

**खास बातें**

- जिला परिषद का भ्रष्टाचार सदन में आया सामने
- हंगामे के बीच जिप सदस्य ने फेंकी पानी की बोतलें
- जिला अभियंता ने सदस्यों से मांगी माफी



संवाददाता। धनबाद

जिला परिषद बोर्ड की विशेष बैठक में जमकर हंगामा हुआ. शनिवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक में विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार भी खुल कर सामने आ गया. जिला परिषद सदस्य इसराफिल लाला ने जिला अभियंता नागेंद्र सिंह पर पचास हजार रुपये लेकर टेंडर मैनेज करने का आरोप लगाया. लाला ने कहा कि जिला अभियंता ने एक संवेदक से पचास हजार रुपये लेकर बिना कागजात की जांच किये उसे टेंडर दे दिया. इस मामले में उन्होंने प्रमाण के रूप में एक ऑडियो होने की बात भी कही. जिप सदस्य ने डीडीसी से मामले में कार्रवाई करने का आग्रह भी किया है.

वहीं एक मामले में जिला अभियंता ने जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी मुर्मू पर संवेदक से पैसे मांगने का आरोप लगा दिया. जिसके बाद लक्ष्मी आपे से बाहर हो गई और सदन में ही जिला अभियंता पर पानी की बोतलें चला दी. इसके साथ ही लक्ष्मी ने कई बोतलें भी सदन में सतह पर फेंक दी. सदस्य द्वारा पैसे मांगने के आरोप पर लक्ष्मी के साथ सभी जिप सदस्य उठकर हंगामा करने लगे. अन्ततः जिला अभियंता के माफी मांगने के बाद मामला शांत हुआ और आगे की बैठक शुरू हुई. दरअसल बैठक की शुरुआत से ही विरोध का स्वर चरम पर रहा. बैठक की शुरुआत में ही जिला परिषद उपाध्यक्ष ने विरोध जताते हुए कहा कि बैठक से संबंधित एजेंडे की लिस्ट सदस्यों को क्यों नहीं उपलब्ध कराई गई. जबकि पिछली बैठक में ही इसकी मांग करने पर कहा गया था कि आगामी बैठक से एजेंडे की कॉपी बैठक से सात दिनों पूर्व उपलब्ध कराई जाएगी. बता दें कि आचार संहिता लगने से पहले डीआरडीए के जिला परिषद में विलय को लेकर विशेष बैठक बुलाई गई थी. जिसे काफी हंगामे के बीच पारित करा लिया गया.

#### डीआरडीए कर्मियों के लिए बनेगा अलग कोषांग

डीआरडीए के जिला परिषद में विलय के बाद डीआरडीए कर्मियों के लिए अलग कोषांग बनेगा. डीडीसी सादात अनवर ने कहा कि इन 15 कर्मियों का वेतन राज्य सरकार देगी. जिसके लिए अलग कोषांग का गठन होगा. जिससे कर्मियों का वेतन भुगतान किया जाएगा. कर्मियों से कार्य लेने पर जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने कहा कि सभी कर्मी अभी वहीं कार्य करेंगे, जहा करते आ रहे हैं. जिला परिषद में जैसे जैसे कर्मियों की जरूरत होगी वैसे ही एक एक कर बुलाया जाएगा. बैठक के दौरान जिप सदस्यों ने मांग किया कि डीआरडीए के दायित्वों को भी जिला परिषद में समाहित किया जाए. पीएम आवास योजना, मनरेगा जैसी अन्य योजनाएं जो अबतक डीआरडीए के अंतर्गत संचालित हो रही थी. उसे जिला परिषद से संचालित किया जाए. सदस्यों की मांग पर डीडीसी ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र लिखने का आश्वासन दिया है. बैठक में डीआरडीए के जिला परिषद में विलय की औपचारिकता पूरी कर ली गई.

#### इन एजेंडों पर लगी मुहर

पंचायती राज से संबद्ध सभी सक्षम पदाधिकारियों को जिप की बैठक में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा. 15वें वित्त आयोग मद के अंतर्गत प्राप्त सभी योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई. 10 लाख की लागत से कम की योजनाओं का ऑफलाइन टेंडर किया जाएगा. सभी जिला परिषद सदस्यों की दो योजनाओं को डीएमएफटी से पास कराया जाएगा. सभी जिप सदस्यों के क्षेत्र में तीन चापाकल लगाए जाएंगे. तेतुलिया से मैथन तक एनएच 2 का कार्य करने वाली कंपनी स्काईलार्क को नोटिस किया जाएगा. जिला परिषद में नए संवेदकों का निबंधन शुरू किया जाएगा. पुराना बाजार, एलसी रोड, हीरापुर आदि जगहों पर जिला परिषद की खाली जमीन पर पीपीपी मोड़ में मार्केट कॉम्प्लेक्स बनेगा. जिला परिषद की दूकानों की जांच कर सभी दुकानों का नवीनीकरण किया जाएगा. साथ ही भाड़ा में भी वृद्धि की जाएगी. जिला परिषद की सभी योजनाओं में सदस्यों का नाम शिलापट पर अंकित होगा. बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, डीडीसी सादात अनवर, जिला परिषद उपाध्यक्ष सरिता देवी, डीआरडीए निदेशक, जिला अभियंता, कार्यपालक पदाधिकारी समेत जिला परिषद सदस्य एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे.

# धनबाद : कांग्रेस के जनसंवाद कार्यक्रमों में जमकर हंगामा

## जलेश्वर महतो और रोहित यादव के समर्थकों में हाथापाई

- सुबोध कांत सहाय और प्रवीण झा ने दोनों पक्षों को किया शांत

कतरास। विधानसभा चुनाव को देखते हुए श्यामडीह में शनिवार को आयोजित कांग्रेस के जन संवाद कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा की मौजदूगी में जलेश्वर महतो और रोहित यादव के समर्थकों के बीच हाथापाई हो गई. एक पक्ष जलेश्वर महतो जिंदाबाद तो दूसरा पक्ष रोहित यादव जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे. दोनों केंद्रीय नेताओं के समझाने के बाद दोनों पक्ष शांत हुए. इसके बाद सुबोधकांत सहाय ने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित किया.

उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने अपना राजनीतिक हित साधने के लिए मंदिर-मस्जिद कर देश को टुकड़े-टुकड़े में बांटना चाहती है. राज्य का विकास हेमंत सरकार करने लगी तो साजिश के तहत सरकार गिराने के लिए मुख्यमंत्री को जेल भिजवा दिया. बावजूद इसके हेमंत सोरेन ने भाजपा से समझौता नहीं किया और जेल से बाहर निकलने के बाद लोक हित में अनगिनत योजनाओं की शुरुआत की.

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शहीदों की पार्टी है, लेकिन भाजपा कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती है. 2004 में जब सभी सांसदों ने सोनिया गांधी को प्रधानमंत्री चुन लिया था तब महज एक सप्ताह के अंदर सोनिया गांधी ने सांसदों की बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री की कुर्सी मनमोहन सिंह को सौंप दी. नेहरू परिवार को कुर्सी नहीं देश से प्यार है. उन्होंने कहा कि बाघमारा पूर्व में कांग्रेस की सीट रही है. एक बार फिर यहां की जनता कांग्रेस को लाने के लिए उत्सुक हैं. इस बार यहां पुनः कांग्रेस का झंडा लहराएगा. विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार कौन होंगे इसका फैसला पार्टी आलाकमान करेंगे. पार्टी कार्यकर्ताओं को कांग्रेस उम्मीदवार को जिताने पर ध्यान केंद्रित करना है. जन संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोहित यादव ने कहा कि बाघमारा की जनता आततायी शक्ति से परेशान हैं. जनता बदलाव चाह रही है.

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो जिला अध्यक्ष संतोष सिंह पर भड़क उठे. कहा कि आपने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है, जिसे लेकर कार्यकर्ताओं में रोष है. यह कार्यक्रम किन्हें पूछकर हो रहा है. प्रखंड अध्यक्ष और नगर अध्यक्ष से कार्यक्रम नहीं करवाया. पार्टी पदाधिकारियों को दरकिनार किया गया है. पार्टी इस तरह नहीं चलती. किसी भी सूरत में मनमानी नहीं करने दिया जाएगा. जलेश्वर ने तल्ख लहजे में पार्टी कार्यकर्ताओं से नारेबाजी नहीं करने की अपील की. कहा कि अनुशासन ही हमारी पहचान है.

वहीं जिला अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी. चाहे वे जलेश्वर महतो समर्थक हों या रोहित यादव के. टिकट का फैसला पार्टी आलाकमान करेगी. पार्टी जिन्हें भी उम्मीदवार बनाए उन्हें जिताना हम सबकी जिम्मेवारी होगी.

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संतोष सिंह और संचालन राशिद राजा ने किया. धन्यवाद ज्ञापन जिला प्रवक्ता जावेद राजा ने किया. मौके पर बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के उपाध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह , अभिजीत राज, कुमार गौरव, बलराम महतो, पिंकी देवी, रविंद्र पांडेय, प्रकाश यादव, परेश दसौंधी परदेसी यादव, पप्पू दूबे, सोनू शर्मा, राम वचन पासवान, भोला पासवान, दिलीप मिश्रा, विजय दसौंधी. राजू रवि, अवधेश पासवान, प्रदीप राम सहित अन्य मौजूद थे.

#### सुबोध के सामने मंच पर ही भिड़ गए कांग्रेसी

केंदुआ। कांग्रेस के झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी की शुरुआत पर हंगामा हो गया। पार्टी ने राज्य में छह टीमों के साथ जन संवाद अभियान ₹लक्ष्य 2024₹ के तहत धनबाद जिले के करकेंद नेहरू उद्यान में सभा आयोजित की थी। पूर्व केंद्रीय मंत्री व पार्टी के वरीय नेता सुबोध कांत सहाय, प्रमोद झा, अनुशासन समिति के अध्यक्ष बजेंद्र सिंह, जलेश्वर महतो, जिला अध्यक्ष सन्तोष सिंह, अनुपमा सिंह की उपस्थिति में मंच पर ही कार्यकर्ता विधानसभा टिकट के होड़ में आपस में भिड़ गए। नीचे दर्शक दीर्घा में जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे, जबकि मंच से अनुशासन बनाए रखने की अपील की जा रही थी। एक तरफ सुबोध कांत भाषण देते रहे, दूसरी तरफ विधानसभा सीट की दावेदारी कर रहे मयूर शेखर झा अपने 90 प्रतिशत समर्थकों के साथ सभा स्थल से चले गए। इसके बाद सभा स्थल खाली हो गया।



कुर्सियां खाली होने पर डेकोरेटर जल्दबाजी में उन्हें समेटने लगे, ताकि कुर्सी चलने से टूटने से नुकसान न हो। सभा में दर्शकों से ज्यादा मंच पर नेता थे। मयूर समर्थकों ने सुबोध कांत के भाषण के दौरान माइक सिस्टम को भी ऑफ कर दिया। इसके बाद भी सुबोध कांत बिना माइक के काफी देर तक बोलने पर विवश हुए। सभा प्रमोद झा के भाषण के साथ जल्दबाजी में समाप्त हो गई। अभिजीत-मयूर में टकराव हंगामे की जड़ में धनबाद विस सीट के दो प्रबल दावेदार प्रदेश युवा के अध्यक्ष अभिजीत राज और मयूर शेखर झा थे। मयूर जिलाध्यक्ष सन्तोष सिंह के खेमे के थे, इसलिए उन्हें कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। माइक, टेंट, कुर्सी की व्यवस्था मयूर ने की थी। भीड़ में उनके समर्थक ज्यादा दिख रहे थे। सुबोध कांत के मंच पर आते ही सभा का संचालन कर रहे पप्पू पासवान ने स्वागत भाषण के लिए मयूर का नाम घोषित किया। इससे अभिजीत भड़क गए और मयूर का विरोध करते हुए पप्पू को अपशब्द बोल डाले। मयूर से प्रदेश नेतृत्व के सामने ही हॉट टॉक होने लगा।

# पांच लाख नौकरी व महिलाओं को प्रतिमाह 2100 रुपये देने का वादा

- भाजपा ने जारी किए पांच प्रण, जल्द 150 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी होगा

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड भाजपा ने शनिवार की शाम पांच बजे पांच प्रण जारी किया. इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि किसी भी दिन विधानसभा चुनाव की घोषणा हो सकती है. झारखंड को बचाने लिए यह चुनाव है. उन्होंने महिला सशक्तीकरण पर कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं चला रही हैं. इसमें 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण के लिए संसद में रिजर्वेशन बिल पारित किया गया. पीएम सुकन्या समृद्धि योजना की शुरूआत की गई. मुफ्त गैस उपलब्ध कराई गई. मां-बहनों के लिए स्वास्थ्य भारत अभियान चलाया जा रहा है. प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना और लखपति दीदी योजना चल रही है. तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त किया गया. जनधन योजना के तहत 30 करोड़ खाते खोले गये. सरकारी महिला कर्मचारियों के लिए 36 सप्ताह के मातृत्व अवकाश को मंजूरी दी गई.

असम के सीएम सह भाजपा के विधानसभा चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर सिर्फ झारखंड वासियों को ही नौकरी दी जाएगी. गोगो दीदी योजना मध्यप्रदेश, असम, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में चल रही है. यह योजना गुड गवर्नेंस के लिए है. किसी से छिपा कर फॉर्म नहीं भरवाया जा रहा है. यह भाजपा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है. भाजपा की सरकार बनते ही पहली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा. हिमंता ने कहा कि अभी पांच प्रण जारी किए गए हैं. बिरसा मुंडा की जयंती पर 150 बिंदुओं का घोषणा पत्र जारी किया जाएगा. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आती है, तो स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को दो साल तक 2,000 रुपये की वित्तीय सहायता भी दी जाएगी, ताकि वे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकें. उन्होंने कहा कि भाजपा, महिलाओं को सशक्त बनाने के अपने मिशन के तहत 'गोगो-दीदी' योजना शुरू करेगी.

# बरमुड़ी कोलियरी में अवैध खनन के दौरान धंसा चाल, दो की मौत

संवाददाता। मैथन



ईसीएल के बरमुड़ी कोलियरी में शनिवार की सुबह करीब पांच बजे अवैध खनन के दौरान जोरदार आवाज के साथ चाल धंसने से दो कोयला चोरों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा आधा दर्जन से अधिक कोयला चोर घायल हो गए. घायलों में विनोद नामक चोर की हालत गंभीर बताई जा रही है. उसका पैर बुरी तरह से टूट गया है. दोनों मृतक का नाम मैथन ओपी क्षेत्र के पोड़ाडीह गांव निवासी दीपक बाउरी और डीजे बाउरी है.

घटना के संबंध में बताया जाता है कि दर्जनों कोयला चोर अवैध खनन करने अहले सुबह खदान में घुसे. चाल धंसने से वहां अफरातफरी मच गई. आनन-फानन में मलवे से घायलों को निकाला गया, जिसमें पोड़ाडीह गांव के दीपक बाउरी और डीजे बाउरी मृत पाए गए.

घटना की खबर पाकर कोलियरी के सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे और जल्द से जल्द दोनों कोयला चोर के शवों को लेकर भाग जाने को कहा. कोयला चोरों ने दोनों शवों को बराकर नदी किनारे बरमुड़ी कोलियरी के जंगल में छिपा दिया. इसके बाद घायलों के गुपचुप तरीके से इलाज कराने की व्यवस्था की गई. फिर गुपचुप तरीके से शव के अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू हुई. सुबह नौ बजे दोनों शवों को जंगल से निकाल कर अंतिम संस्कार किया गया. इस घटना के बाद से कोयला चोरों में हड़कंप मचा हुआ है.

इस घटना से वाकिफ होने के बाद भी कोलियरी प्रबंधन और पुलिस चुप है. इतनी बड़ी घटना के बाद भी पुलिस अब तक कोई सुध नहीं ली है. शाम पांच बजे घटनास्थल पर न तो पुलिस प्रशासन और खनन पदाधिकारी पहुंचे थे. ईसीएल के कोई अधिकारी भी घटनास्थल पर नहीं पहुंचे. घटना के संबंध में पूछे जाने पर मैथन थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि उन्हें कोई जानकारी नहीं है.

**पाबंदी** जिला स्तरीय शांति समिति बैठक में पूजा समितियों को प्रशासन ने दिया निर्देश

# दुर्गापूजा में डीजे बजा तो रद्द किया जायेगा लाइसेंस : उपायुक्त

**खास बातें**

- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई
- विसर्जन के दौरान निर्धारित रूट का पालन अनिवार्य

संवाददाता। धनबाद



दुर्गा पूजा को लेकर शनिवार को न्यू टाउन हॉल में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई.जिसमें उपायुक्त ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर किसी भी पंडाल में तथा विसर्जन के समय डीजे बजाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा. इसका उल्लंघन होने पर डीजे जब्त कर संबंधित पूजा समिति का लाइसेंस भी रद्द कर दिया जाएगा. वहीं विसर्जन के दौरान सभी पूजा समितियों को जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट का अक्षरशः पालन करना होगा. किसी विशेष परिस्थिति में रूट में परिवर्तन करना पड़े तो इसकी सूचना संबंधित थाना एवं जिला प्रशासन को अनिवार्य रूप से देनी होगी. वहीं निर्धारित नदी या तालाब में ही प्रतिमा का विसर्जन करना होगा. साथ ही उन्होंने सभी पूजा समितियों से पंडाल में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अग्निशमन यंत्र लगाने, अग्निशमन यंत्र का इस्तेमाल की जानकारी रखने, फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट लेने, इलेक्ट्रीकल वायरिंग और महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का भी निर्देश दिया. वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक हृदीप पी जनार्दनन ने सभी पूजा समितियों से सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा वॉलिंटियर्स को अलग पहचान देकर उनकी लिस्ट संबंधित थाना को देने का निर्देश दिया.उन्होंने सभी पूजा समितियों को महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग प्रवेश व अलग निकास द्वार रखने का भी निर्देश दिया.उन्होंने कहा सोशल मीडिया पर अफवाह या भ्रामक खबरे फैलाने वलों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी. इसके लिए एक अलग सेल का भी गठन किया गया है.ऐसा करने पर या ऐसी कोशिश करने वालों पर प्रशासन कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगा. उन्होंने यह भी कहा कि जबरन चंदा वसूलने वाले, इलीगल शराब बेचने वाले या माहौल को खराब करने वालों को किसी भी सूरत में बक्शा नहीं जाएगा.बैठक में कयुम खान, राम गोपाल भुवानिया, नागेंद्र कुमार सिंह, कमलेश सिंह, मोहम्मद शहाबुद्दीन, मोहन राम, लक्ष्मण प्रसाद, महावीर हांसदा, भगत सिंह, गुरमीत सिंह, गुल्लू चौधरी, सुंदरी देवी, आनंद कुमार सिंह, योगेंद्र योगी, हातिम अंसारी, संजय जयसवाल, राजेश्वर प्रसाद यादव सहित अन्य सदस्यों ने सुझाव रखें.जिसमें सुचारू रूप से जलापूर्ति करने, स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करने, साफ सफाई, सड़क की मरम्मत करने, पूजा के दौरान भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने, सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने सहित अन्य सुझाव प्राप्त हुए.

बैठक के समापन से पूर्व उपायुक्त ने कहा कि सभी लोग श्रद्धा पूर्वक पर्व मनाएं. उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी.साथ ही कहा कि पानी, बिजली इत्यादि को लेकर जो भी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखी गई है उसका समाधान करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है.वहीं एसएसपी ने कहा कि जिला प्रशासन के निर्देश का सभी पालन करें और आपसी सौहार्द बनाकर हर्षोल्लास त्योहार मनाएं.

बैठक में उपायुक्त , एसएसपी के साथ सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, नगर आयुक्त रविराज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी नारायण राम, डीएसपी हेडक्वार्टर 1 शंकर कामती, डीएसपी हेडक्वार्टर 2 डी.एन. बंका, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नौशाद आलम, डीसीपी ट्रैफिक अरविंद कुमार सिंह, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न शांति समिति के सदस्य मौजूद थे.

# सीडब्लूसी अध्यक्ष ने बनाई संयुक्त टीम

- जाँच के लिए पीड़िताओं के घर पहुँचा दल



संवाददाता। धनबाद

धनसार के एक स्कूल की दो छात्राओं के साथ घटित घटना को लेकर प्रधानाध्यापक की शिकायत पर पॉक्सो का मामला दर्ज हुआ था. दोनों पीड़िता सहमी हुई है तथा पुलिस के साथ सीडब्लूसी में जाने से इंकार किया था. थाना प्रभारी ने इसकी लिखित सूचना सीडब्लूसी अध्यक्ष को दी थी. मामला अदालत में भी उठा.

सीडब्लूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी ने इसके लिए महिलाओं की जॉइंट टीम का गठन किया था. टीम में सिर्फ़ महिलाएं शामिल थी.अपने तरह का यह पहला मामला था जिसमें ऐसी टीम बनायी गई थी. श्री मुखर्जी ने कहा टीम में सीडब्लूसी की दो सदस्य ममता अरोड़ा, संध्या सिन्हा, चाइल्ड हेल्प लाइन की को ऑर्डिनेटर स्मिता कुमारी एवं ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार की अनामिका सिंह शामिल की गई थी. टीम ने पीड़िताओं के परिवारजनों से मिलकर बातचीत की.स्कूल के प्रधानाध्यापक एवं धनसार प्रभारी से भी बातचीत की. रिपोर्ट सोमवार को सीडब्लूसी प्राप्त होगी . उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### जेएलकेएम की सरकार बनेगी : डिंपल चौबे

धनबाद। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष डिंपल चौबे ने कहा कि जेएलकेएम पार्टी के प्रमुख जयराम महतो की विचारधारा से झारखंड की जनता प्रभावित है। उन्हें हर जगह लोगों का सहयोग और प्रोत्साहन मिल रहा है। लोग घर-घर जाकर थाली में दिया और जल लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के सदस्यों का अभिवादन कर रहे हैं। डिंपल चौबे ने आगे कहा कि 24 वर्षों में सभी राजनीतिक दलों से जनता त्रस्त हो गई है। समृद्ध राज्य होने के बावजूद भी झारखंड के लोग भुखमरी के कगार पर हैं।

### स्वच्छ रेल गाड़ी कार्यक्रम आयोजित

धनबाद। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत शनिवार को 152 स्टेशनों और रेलवे परिसरों में स्वच्छ रेल गाड़ी कार्यक्रम मनाया गया। इसके साथ ही ऑब्जर्वर द्वारा विभिन्न ट्रेनों में स्वच्छता जागरूकता और कचड़ा मुक्त बनाने के लिए लगाए गए पोस्टरों की उपलब्धता की भी जांच की गई। बताया जाता है कि भारतीय रेल द्वारा रेल मदद एप बनाया गया है, जिस पर यात्री ट्रेनों में किसी भी प्रकार की असंगति के लिए शिकायत दर्ज करा सकते हैं। धनबाद रेल मंडल में 20 दिनों से स्वच्छता पखवाड़ा के माध्यम से वृहद स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**धनबाद** । धनबाद में एक निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन धनबाद में किया गया। इस शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम संयोजक कृष्णकांत अग्रवाल, डॉ. कृष्णा अग्रवाल और डॉ. फरहान ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस शिविर में डॉक्टर कृष्णा अग्रवाल, डॉक्टर फरहाना, अशोक कुमार और गोपाल मिश्रा ने लगभग 125 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की। इसके अलावा, मरीजों को उनकी जरूरत के अनुसार मुफ्त में दवाएं भी वितरित की गईं। यह आयोजन समाज के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकें।

### सुशांतो सेनगुप्ता की 23वीं बरसी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

# सुशांतो सेनगुप्ता की हुई थी राजनैतिक हत्या : पीएन सिंह

**संवाददाता। निरसा**



निरसा। पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह ने शनिवार को रामकनाली में बलिदानी सुशांत सेनगुप्ता, डीडी पाल एवं संजय सेनगुप्ता के 23 वें बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुशांतो सेनगुप्ता की हत्या राजनैतिक हत्या थी। उन्होंने कहा, ₹वे गरीबों, शोषितों के साथ-साथ भ्रष्टाचार पर भी आवाज बुलंद कर रहे थे। इस कारण उनके राजनैतिक विरोधियों ने उनकी हत्या करवा दी। परंतु वे लोग यह भूल गए कि व्यक्ति मरता है विचारधारा नहीं। आज हजारों सुशांतो निरसा की धरती पर पैदा हो गए हैं तथा विरोधियों के मनसूबों को धत्ता बताते हुए उनकी पत्नी को विधानसभा भेजने का काम किया। उन्होंने आगे कहा, ₹उच्च न्यायालय द्वारा कोयला चोरी में संलिप्त पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की जांच का निर्देश दिया गया है। इससे कोयला तस्करी में शामिल लोग खुशी मना रहे हैं कि कार्रवाई तो प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी पर होगी। परंतु वे लोग भूल रहे हैं कि जब जांच होगी तो कोलियारियों से कोयला चोरी कौन करवाता था। किसके इशारे पर जीएसटी की चोरी की गई। किन-किन व्यक्तियों की गाड़ियों से कोयला बनारस एवं अन्य मंडियों में पहुंचा इसकी भी जांच होगी। धनबाद विधायक राज सिंहा ने कहा, ₹सुशांतो सेनगुप्ता के अधूरे कार्यों को आप लोगों के सहयोग से विधायक बनकर आप अपर्णा सेनगुप्ता पूरा कर रही है। अत्याचार, भ्रष्टाचार बंद हो। शोषितों, वंचितों को उनका अधिकार मिले यह सुशांतो सेनगुप्ता का सपना था जिसे अपर्णा सेनगुप्ता पूरा करने में लगी हुई है। अपर्णा सेनगुप्ता ने कहा, ₹सीबीआई कोर्ट में गवाही चल रही है। हत्या आरोपी बख्शे नहीं जाएंगे। उनका अंतिम आंदोलन निरसा की जनता के लिए जल दो या जेल दो में उमड़ी जन सैलाब को देखकर राजनीतिक विरोधियों ने उनकी हत्या करवा दी। परंतु जनता ने जवाब दिया तथा निरसा विधानसभा को अपना बपौती समझने वाले उम्मीदवार को हराया। जनता पुनः जवाब देगी तथा हत्या की राजनीति करने वाले राजनीतिक नेता को निरसा से बोरिया बिस्तर बांधकर भगाना होगा।

### नीरज सिंह स्कूल महोत्सव 2024 का भव्य समापन



**धनबाद।** झरिया के जोड़ापोखर स्थित जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार को नीरज सिंह स्कूल महोत्सव 2024 का भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इसमें झरिया के 87 विद्यालयों ने भाग लिया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और एस.डी.एम. स्कूल के बच्चों ने नृत्य और मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और बेरमो विधायक जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह उपस्थित रहे। झरिया विधायक ने हजारों बच्चों, अध्यापकों और अभिभावकों को धन्यवाद दिया। उन्होंने घोषणा की कि बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ अकादमिक प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यालयों के छात्रों को 2100 रुपये इनाम के तौर पर दिए जाएंगे।

## न्यूज अपडेट

### डीनोबली स्कूल में धूमधाम से मना एचीवर्स डे



**मैथन।** डीनोबली स्कूल, मैथन में शनिवार को बड़े धूमधाम से 'एचीवर्स डे' मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूप चटर्जी, स्कूल की प्राचार्या शुक्ला चौधरी, अन्य अतिथियों और अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर और रॉबर्ट डी नोबीली के तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया। स्कूल के बच्चों ने प्रार्थना गीत और आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या सुश्री चौधरी ने आए हुए अतिथियों और अभिभावकों का स्वागत किया और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने विगत वर्ष के कक्षा 8 से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं को उनके पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व छात्र शेखर कुमार खेतान आईएफएस अधिकारी ने अपने दिवंगत पिता जगनिधान खेतान की याद में हर वर्ष हरफनमौला ट्रॉफी देने की शुरुआत की। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन को सराहा और उनकी हौसला अफजाही की।

### सुबोध कांत ने दी अशोक प्रकाश को संवेदना



**धनबाद।** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय शनिवार को कतरास में अशोक प्रकाश लाल के आवास पहुंचे और पूर्व मंत्री स्व ओपी लाल की पत्नी एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक लाल की माता के निधन पर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने अशोक प्रकाश लाल सहित परिजनों को ढाढस बंधाया। इस अवसर पर प्रदेश अनुशासन समिति अध्यक्ष बृजेंद्र प्रसाद सिंह, जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी, मीडिया सेल के प्रदेश नेता गजेन्द्र सिंह सहित दर्जनों जिला एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### स्कूलों में मध्याह्न भोजन किसी भी परिस्थिति में बंद नहीं करें : सपन कुमार

मैथनः मध्यान भोजन योजना का मुख्य उद्देश्य बच्चों को विद्यालय से जोड़ना, उपस्थिति बढ़ाना, ड्रॉप आउट कम करने के साथ दिन में उन्हें पौष्टिक खाना उपलब्ध कराना है. यह बातें शनिवार को एग्यारकुण्ड प्रखंड के सभागार में आयोजित गुरु गोष्ठी (समीक्षात्मक बैठक) में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सपन कुमार मंडल ने कहीं. उन्होंने स्कूलों के प्रधान शिक्षकों से कहा कि किसी भी परिस्थिति में विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बंद नहीं करें. मासिक गुरु गोष्ठी में रूआर अभियान, प्रयास कार्यक्रम, बच्चों का आधार एवं बैंक खाता, जन्म प्रमाण पत्र, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोशाक वितरण, सोशल ऑडिट, पाठय पुस्तक वितरण, बेस लाइन सर्वे रिपोर्ट, मध्यान भोजन आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई.

### ट्रेक्टर की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**बरोरा।** थाना क्षेत्र के मुराईडीह-चिटाहीधाम सड़क मार्ग पर शनिवार की शाम को अज्ञात ट्रैक्टर के धक्के से दिहाड़ी मजदूर हिरालाल राय की मौत हो गई। मृतक चिटाही श्रमिक कॉलोनी का रहने वाला था। उनकी तीन पुत्रियाँ और एक पुत्र है। बताया जाता है कि हिरालाल शाम को घर से घूमने के लिए निकला था। इसी दौरान माइंनफ कंपनी के पास अज्ञात लाल रंग की ट्रैक्टर ने धक्का मारकर भाग गया। मौके पर दिहाड़ी मजदूर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर बरोरा पुलिस घटना स्थल पर पहुँचकर दिहाड़ी मजदूर को डुमरा अस्पताल ले गई। चिकित्सक द्वारा मृत घोषित करने के बाद पुलिस शव को अपने कब्जे में ले लिया। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। उनके माता-पिता, भाई-बहन और बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल है। हिरालाल ही घर का कमाऊ सदस्य था।

## शिव मंदिर में नौ दिवसीय महायज्ञ का आयोजन



**संवाददाता। महुदा**

महुदा, राधानगर के देवघरा पहाड़ी शिव मंदिर में नौ दिवसीय श्री दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और रुद्र चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। तीसरे दिन, यज्ञाचार्य गणेश पाण्डेय आचार्य, शास्त्री कृष्णा पाण्डेय, और उपाचार्य शुभम पाण्डेय ने मंत्रोचारण के साथ विभिन्न पूजा कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्य यजमान धीरन रवानी और उनके परिवार ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप का परिक्रमा कर पूजा किया। यज्ञ समापन के बाद महाभोग का प्रसाद वितरण किया गया। संध्या में मंगलगीत और आरती के बाद रात में आचार्य ब्रजेश जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन किया। मंदिर विकास समिति के सदस्यों ने यज्ञ को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## आंगनबाड़ी कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**संवाददाता। बाघमारा**




बाघमारा। बाघमारा। आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ के आह्वान पर पांच अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर बाघमारा प्रखंड के सेविका-सहायिकाओं ने प्रखंड अध्यक्ष पार्वती देवी के नेतृत्व में शनिवार से आठ सूत्री मांग को लेकर बाघमारा प्रखंड कार्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठी हैं। धरना स्थल पर प्रखंड अध्यक्ष पार्वती देवी ने बताया कि रांची के आक्रोश रैली में सरकार के प्रतिनिधि सुदिव्य कुमार सोनु ने आश्वासन दिया था कि कैबिनेट की बैठक में मांगों पर विचार किया जाएगा, लेकिन कैबिनेट की बैठक में किसी तरह का पहल नहीं किया जाने पर संघ के आह्वाहन पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गईं। उन्होंने कहा कि मांगे पूरी होने तक प्रखंड के सभी सेविका-सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगी। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द मांगों पर विचार करें और समाधान निकालें। इस अवसर पर सैकड़ों आंगनबाड़ी कर्मचारी मौजूद थीं, जिनमें लोली देवी, बबिता रावत, कुंती दिव्या, गिरजा कुमारी, रजिया खातून, रुक्मिणी देवी, तुलसी रानी पाल, रूबी कुमारी, उषा देवी, रीना राय, बिंदु देवी, बेबी देवी, तेजनी देवी, संजोती देवी, आलू देवी, सोना मनी कुमारी, लता देवी, कलावती, बिमला देवी, लीलावती देवी, विद्यावती देवी, रिंकी देवी, बबीता देवी, रीता देवी, सिमा देवी, रूपा देवी, बेबी देवी, कोशमी देवी, संतोषी दिव्या, अष्टमी देवी, भारती पांडे, फातिमा खातून, फातिमा , आरिका खातून, आशा राय, मामूनी मंडल, अंजना कुमारी केवट, रेणु सिंह, परमिला राय, रोशनी देवी, मीना देवी, कल्पना देवी ,शबनम आर, संध्या देवी अंगूरा देवी सहित अन्य शामिल थीं।

## आसनसोल

# ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द होगा शुरू

### कुल्टी की वर्षों पुरानी मांग पूरी, रेल ओवर ब्रिज का डीपीआर तैयार



**संवाददाता। बराकर**

**खास बातें**

- विधायक डॉ. अजय पोद्दार ने कुल्टी स्टेशन का निरीक्षण किया


कुल्टी रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से प्रतीक्षित रेल ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द शुरू होगा। भाजपा विधायक डॉ. अजय पोद्दार ने कुल्टी स्टेशन का निरीक्षण किया और इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रेलवे ने डीपीआर तैयार कर लिया है और निर्माण कार्य दिसंबर में शुरू होगा। विधायक ने आगे कहा कि यह ब्रिज कुल्टी थाना के आगे सिलेग बैंक मोड़ से शुरू होकर सियालडंगा तक जाएगा। इसके निर्माण में कई पहलुओं पर ध्यान दिया जा रहा है, जिसमें भविष्य में रेलवे द्वारा दो अतिरिक्त ट्रैक बनाने की योजना भी शामिल है। डॉ. पोद्दार ने कहा कि वह 2022 से इस मुद्दे पर काम कर रहे हैं और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ मिलकर इस परियोजना को साकार करने में सफल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि रेलवे उच्च अधिकारियों के साथ उनकी बातचीत में कुल्टी स्टेशन परिसर में लाइट व्यवस्था और पेयजल सुविधा की व्यवस्था करने की भी चर्चा हुई है। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि सीतारामपुर के पास ओल्ड सीतारामपुर में एक बड़े साइडिंग का निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा और बोराचक स्टेशन से एक रेल फ्लाईओवर ब्रिज बनेगा जो सीतारामपुर में उतरेगा। इस अवसर पर रेलवे के अधिकारी, भाजपा के पार्षद ललन मेहरा, भाजपा नेता सुब्रत मिश्रा, विकास प्रसाद मनमोहन राय, अमित केसरी, प्रेमनाथ पांडे सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कुल्टी के निवासियों ने इस घोषणा पर खुशी व्यक्त की और विधायक डॉ. अजय पोद्दार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह परियोजना कुल्टी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### मेयर की पहल पर मुरली नगर में सड़क, ड्रेन का काम हुआ शुरू

**बराकर** । कुल्टी के मुरली नगर में सड़क और ड्रेन की जर्जर हालत ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था। वर्षों से खराब सड़क और ड्रेन से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों ने कई बार पार्षद से गुहार लगाई, लेकिन उन्हें कोई ध्यान नहीं दिया गया। पार्षद ने लोगों से कहा कि यह छोटी समस्या है, आप लोग खुद अपने निजी खर्च से सड़क और ड्रेन का मरम्मत कर लें। लेकिन स्थानीय लोगों ने वार्ड अध्यक्ष बदरे आलम, आशा देवी और अंकुश मंडल के साथ मिलकर निगम के मेयर विधान उपाध्याय से संपर्क किया और उन्हें लिखित आवेदन दिया। मेयर ने तत्परता दिखाते हुए 15 दिनों के भीतर ड्रेन और सड़क का काम शुरू करवाया। स्थानीय लोगों ने मेयर विधान उपाध्याय का आभार व्यक्त किया, लेकिन पार्षद के प्रति नाराजगी व्यक्त की।

## श्री अकादमी आसनसोल में सांस्कृतिक-धार्मिक समारोह

**संवाददाता। रानीगंज**




श्री श्री अकादमी आसनसोल में पहली बार आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। रानीगंज/पश्चिम बंगाल के जाने-माने उद्योगपति और समाज सेवी सुभाष अग्रवाला द्वारा स्थापित श्री श्री अकादमी आसनसोल में इस वर्ष पहली बार दुर्गा पूजा उत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया, जिसमें विद्यालय के छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहला अवसर था जब विद्यालय में देवी दुर्गा की पूजा के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जो सभी के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों ने महिषासुरमर्दिनि स्तोत्रम् का सस्वर पाठ किया। अभिभावकों के लिए विद्यालय ने विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कीं, जिनमें महिलाओं के लिए नृत्य, संगीत और विशेष रूप से पुरुषों के लिए धुनुची नृत्य शामिल थे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति में छात्रों के साथ-साथ अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत श्लोक, भजन और नृत्य की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक सुभाष चन्द्र अग्रवाल ने कहा, ₹यह हमारे विद्यालय के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है। पहली बार दुर्गा पूजा का आयोजन हमारे छात्रों को धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने की दिशा में एक सार्थक पहल है।₹विद्यालय के डायरेक्टर आलोकेश सेन ने कहा, ₹दुर्गा पूजा हमारी संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा है।

## कुल्टी नागरिक समाज ने किया प्रतिवाद सभा का आयोजन



**संवाददाता। बराकर**

बराकर । कोलकात्ता के आर्जिकल मेडिकल कॉलेज हस्पताल में दो महीने पूर्व हुई जघन्य हत्या और रेप की घटना के विरोध में कुल्टी नागरिक समाज ने प्रतिवाद सभा का आयोजन किया। नियामतपुर स्थित एक मैरेज हॉल में आयोजित इस सभा में तिलोत्मा को न्याय दिलाने की मांग की गई। पूर्व सांसद और पश्चिम बंग माध्यमिक शिक्षा परिषद के पूर्व चेयरमैन साहिदुल हक ने घटना को घोर पाप बताया और न्याय की मांग की। उन्होंने कहा, ₹यह घटना सिर्फ निंदनीय नहीं है, यह घोर पाप है। समाज के सभी वर्ग इसके विरोध में सड़क पर उतरे हैं।₹ नागरिक समाज के बिपिन चट्टराज ने कहा, ₹तिलोत्मा के परिवार को न्याय मिलने तक हम सड़क पर आंदोलन जारी रखेंगे। हमें न्याय चाहिए और हमें यह मिलकर रहेगा।₹ वरिष्ठ नेता शांति राम भट्टाचार्य सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इस सभा में शामिल हुए। सभा में उपस्थित लोगों ने तिलोत्मा के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और न्याय की मांग की। इस प्रतिवाद सभा का उद्देश्य तिलोत्मा के परिवार को न्याय दिलाने के लिए दबाव बनाना और समाज में बढ़ते अपराध के विरोध में आवाज उठाना था।

### शुभदर्शनी में विशेषज्ञ गैस्ट्रोलॉजी सेवाएं शुरू

**रानीगंजः** मेडिसिन एवं गैस्ट्रोलॉजी के विख्यात विशेषज्ञ डॉक्टर कफिल अहमद नवाब रानीगंज के शुभदर्शनी अस्पताल में लोगों की चिकित्सा के लिए तत्पर हैं। रानीगंज के लोगों की लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई है, जिसमें एक विख्यात गैस्ट्रोलॉजी चिकित्सक की उपलब्धता की मांग थी। डॉक्टर कफिल अहमद नवाब ने बताया कि उन्होंने जमशेदपुर में जिला सरकारी अस्पताल के हेड ऑफ़ डिपार्टमेंट के रूप में काम किया है। हैपेटॉलजी एवं गैस्ट्रोलॉजी में उनका विशेषज्ञता है। उन्होंने मणिपाल से एमडी एवं एचडी की डिग्री हासिल की है। डॉक्टर नवाब ने कहा कि वर्तमान समय में गलत जीवनशैली और खान-पान के कारण लोग गैस और लीवर की बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। इन बीमारियों से पीड़ित मरीजों का इलाज शुभदर्शनी अस्पताल में बेहतर से बेहतर होगा। अब रानीगंज के लोगों को गैस्ट्रोलॉजी और लिवर संबंधी समस्याओं के लिए अन्य शहरों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी।

## पुरुलिया-आसनसोल सड़क की मरम्मत में तेजी, लोगों को अब मिलेगी राहत



**संवाददाता। सकतोड़िया**

सकतोड़ियाः आसनसोल नगरनिगम के 105 नंबर वार्ड में दुर्गापूजा के मद्देनज़र पुरुलिया आसनसोल मुख्य सड़क की मरम्मत तेजी से की जा रही है। सुबह से शाम तक चलने वाले मरम्मत कार्य से लोगों में खुशी है कि उन्हें दुर्गापूजा का सफर आरामदायक होगा। वर्षा के दौरान सड़क की हालत जर्जर हो गई थी, जिससे हर जगह छोटे-बड़े गड्ढे बन गए थे। इससे वाहनों और पेदचारियों का गुजरना मुश्किल हो गया था। लोगों के मन में दुर्गापूजा में भ्रमण करने को लेकर चिंता थी। कुल्टी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष मनीष बर्णवाल ने डिसरगढ़ मोड़ पर सड़क निर्माण की मांग को लेकर पथावरोध किया था। अब तेजी से हो रहे निर्माण कार्य से लोगों को संतोष है कि दुर्गापूजा के समय उन्हें सुचारू सफर का आनंद मिलेगा। हालांकि, मरम्मत कार्य के कारण डिसरगढ़ सुभाष सेतु पर वाहनों की भीड़ लग रही है, जिससे आने-जाने वालों में उकताहट है। लेकिन लोगों को लगता है कि आनेवाले सफर को सुचारू रखने के लिए यह थोड़ी सी उकताहट महत्वपूर्ण नहीं है। इस मरम्मत कार्य से आसनसोल के निवासियों को दुर्गापूजा के दौरान सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा की उम्मीद है। सड़क की मरम्मत से वाहनों की गति में सुधार होगा और दुर्घटनाओं की संभावना कम होगी।

### जलापूर्ति व्यवस्था में कमी, सांकतोड़िया निवासियों को हो रही परेशानी

**सांकतोड़िया।** आसनसोल नगरनिगम द्वारा सांकतोड़िया अंचल में समय पर जलापूर्ति नहीं होने से जल उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह की जगह दिन के 12 बजे या उसके बाद जलापूर्ति की जा रही है, जिससे घर के काम-काज में विलंब हो रहा है और लोगों को समय पर काम पर जाने में परेशानी हो रही है। क्षेत्र के निवासियों ने बताया कि असमय पानी देने से सुबह नहा धोकर काम पर निकलने और भोजन बनाने में दिक्कतें आ रही हैं। उनके घरों में जल संग्रह करने की व्यवस्था नहीं है, जिससे तकलीफें बढ़ रही हैं। उन्होंने सुबह से जलापूर्ति की मांग की है। प्रभावित क्षेत्रों में डिसरगढ़ नदी घाट, 8 नंबर, किलबर्न, पीरस्थान आदि शामिल हैं। स्थानीय निवासी सोमनाथ ठाकुर, देवव्रत रवानी, काजल रवानी सहित अन्य ने जलापूर्ति की समयबद्धता की मांग की है।

▼ ब्रीफ खबरें

## बेमरोटांड़ में शनि मंदिर की हुई छत ढलाई

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के बेमरोटांड़ में बन रहे शनिदेव मंदिर की छत ढलाई शनिवार को की गई. इस दौरान गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो की धर्मपत्नी कौशल्या देवी ने सहयोग कर ढलाई कार्य की शुरुआत की. इस अवसर पर कौशल्या देवी ने कहा कि बेमरोटांड़ में मेन रोड किनारे शनि मंदिर के निर्माण से क्षेत्र के लोगों में शनिदेव के प्रति धार्मिक आस्था का विकास होगा. उन्होंने मंदिर निर्माण में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया. मौके पर बरईकला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि बैजनाथ महतो, सत्येंद्र कुमार महतो, अजय कुमार महतो, शशि शेखर, पुजारी भास्कर पंडित के अलावा अन्य दर्जनों गणमान्य ग्रामीण मौजूद थे.

## पति ने पत्नी को बच्चा समेत घर से बाहर निकाला

**बोकारो।** सिटी थाना क्षेत्र के सेक्टर 3डी, आवास संख्या 126 निवासी मानिक दास ने अपनी पत्नी को घर से बाहर निकाल दिया. सनद हो कि मानिक दास की ये दूसरी पत्नी है. जिसे उसने घर से निकाल दिया है. मानिक दास की पूर्व में भी शादी हुई थी, जिसकी मौत हो गई. उससे एक बेटा है. इसके बाद उसने तीन साल पूर्व दूसरी लड़की से शादी कर ली. दूसरी पत्नी से भी एक बच्चे हैं. जानकारी के अनुसार अब दहेज के लिए पति, सौतेला बेटा, देवर आदि प्रताड़ित करने लगा. दूसरी पत्नी रानी दास ने बताया कि उसे घर में घुसने से मना कर दिया गया है. उसे देखते ही घर में ताला लगा दिया गया है. रानी दास अब इस मामले को लेकर महिला समिति से लिखित शिकायत की है. इस मामले को लेकर महिला समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमारी किन्नर ने कहा कि समिति इसे न्याय दिलाने के लिए आगे आई है. इस महिला के साथ अन्याय हो रही है. वहीं घटनास्थल पहुंचे सिटी थाना पुलिस ने मानिक दास से बात करके 10 दिन का समय लेते हुए महिला को उसका पति दूसरे जगह रखने और खर्चा देने की बात कही.

## मधुमक्खी के काटने से एक घायल

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के बंसाटांड़ निवासी पप्पू राउत शनिवार की शाम अरहर का खेत देखने गया था. तभी अचानक पैर फिसलने से गिर गया. जिसके बाद मधुमक्खी ने अचानक हमला कर दिया. जिसके बाद गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसके बाद परिजनों ने आनन फानन में गावां सीएचसी लेकर पहुँचा. जहां डॉ मुकेश कुमार ने प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

## गांडेय के नए अंचल अधिकारी ने लिया प्रभार

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय अंचल कार्यालय में शनिवार को नए अंचल अधिकारी मोहमद हुसैन ने प्रभार ले लिया. वर्तमान अंचल अधिकारी मनोज कुमार ने नए पोस्टिंग अंचल अधिकारी मोहम्मद हुसैन को पदभार ग्रहण कराये. मो हुसैन पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि आम जनता की समस्या को प्राथमिकता दी जाएगी. शासन व्यवस्था दुरुस्त किया जाएगा, अंचल कार्यालय में लंबित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित किया जाएगा. मौके पर उपस्थित बीडीओ निशांत अंजुम, सीओ मनोज कुमार सहित कई प्रखंड कर्मी मौजूद थे.

## झामुमो ने दिया बूथ कमेटी मजबूत करने का निर्देश

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय प्रखंड झामुमो कार्यालय में शनिवार को कार्यकर्ताओं की एक आवश्यक बैठक आयोजित किया गया. जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष चांदमल मरांडी ने की. बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि केन्द्रीय कमिटी के निर्देश पर प्रत्येक बूथ में 10 के स्थान पर 20 सदस्यीय बूथ कमेटी के गठन की रणनीति बनायी गई है. जिलाध्यक्ष ने कहा कि बूथ कमेटी के गठन के लिए प्रत्येक पंचायत में कोर कमेटी का गठन किया जाना है. सभी पंचायत में बैठक कर 14 तक बूथ कमेटी का गठन कर 15 को सूची सौंपे . बैठक में संगठन मजबूती पर भी जोर दिया गया. बैठक का संचालन प्रखंड सचिव भैरव प्रसाद वर्मा ने किया. बैठक में हीरालाल मुर्मू, कृष्ण मुरारी शर्मा, हलधर राय, मो. नासिर, बैजनाथ राणा, नवीन वर्मा, दशरथ किस्कू, मो.मसरुद्दीन, रवि वर्मा, अरुण पाठक, रामजीत मुर्मू, कुंदन पाठक, रितेश पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### चौकीदार संवर्ग की सीधी नियुक्ति हेतु शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा संपन्न

# लिखित परीक्षा के लिए उत्तीर्ण 564 अभ्यर्थियों में से 28 रहे अनुपस्थित

**संवाददाता। बोकारो**

जांच परीक्षा में निगरानी को लेकर दिनभर मुस्तैद रहे उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी शालिनी खालखो, एसडीओ बेरमो मुकेश मधुआ, सीटी डीएसपी आलोक रंजन, ट्रैफिक डीएसपी विद्या शंकर, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार उपस्थित थे.

बोकारो जिलान्तर्गत चौकीदार संवर्ग की कुल 159 पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु शनिवार को सेक्टर 12 स्थित जैप 04 मैदान में आयोजित शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई. सुबह 05 बजे से ही अभ्यर्थियों का जुटान होने लगा था.



क्रमवार अभ्यर्थियों की उपस्थिति दर्ज करते हुए मैदान में प्रवेश कराया गया. अभ्यर्थियों का क्रमवार प्रतिनियुक्त टीम द्वारा हाइट (ऊंचाई) जांच एवं दौड़ जांच किया गया. लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण 564 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया था, जिसमें 536 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, जबकि 28 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे.

शारीरिक दक्षता जांच परीक्षा में अभ्यर्थियों का हाइट जांच के बाद दौड़ कराया गया. हाइट जांच में कुल 10 अभ्यर्थी असफल रहे. वहीं, दौड़ में कुल 174 अभ्यर्थी सफल रहे. जिसमें 34 महिला अभ्यर्थी एवं शेष पुरूष अभ्यर्थी शामिल हैं.

**7 को होगा चिकित्सा जांच**

मौके पर उपस्थित उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने अपने संबोधन में शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी. कहा कि सफल अभ्यर्थियों का 07 अक्टूबर 2024 को चिकित्सा जांच होगा. इसके लिए चिकित्सकों का मेडिकल बोर्ड गठन किया गया है. सदर अस्पताल बोकारो के दूसरे तल्ले स्थित अस्पताल सभागार में सोमवार प्रातः 08 बजे उपस्थित होकर चिकित्सा जांच कराना सुनिश्चित करेंगे.

# पथरगामा में नकली अंग्रेजी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

### सौ लीटर से अधिक कच्चा स्प्रीट जब्त, संचालक फरार

**संवाददाता। गोड्डा**

उत्पाद विभाग की टीम ने बीते शुक्रवार की रात्रि छापेमारी कर नकली शराब की बड़ी मात्रा को जब्त किया है. मामला गोड्डा जिला के पथरगामा प्रखंड क्षेत्र का है. पथरगामा थाना अंतर्गत ग्राम बोहा स्थित पानी टंकी के पास की है. उत्पाद विभाग को यह गुप्त सूचना मिली कि गांव में नकली शराब की फैक्ट्री चलाई जा रही है. इस सूचना का सत्यापन किए जाने के बाद आबकारी अवर निरीक्षक निलेश कुमार सिन्हा और विभाग की टीम ने देर संध्या उक्त जगह पर छापामारी किया. छापेमारी में नकली अंग्रेजी शराब बनाने की एक फैक्ट्री का उद्भेदन किया गया. छापामारी के दौरान इंपीरियल ब्लू, रॉयल स्टैग, रॉयल चैलेंज आदि ब्रांड के स्टीकर लगे बोतल, ढक्कन और लगभग सौ लीटर कच्चा स्पिरिट बरामद किया गया. छापेमारी की खबर कारोबारियों तक पहले ही पहुंच जाने से अवैध शराब के कारोबार में संलिप्त सभी लोग टीम के पहुंचने से पूर्व ही वहां से फरार हो चुके थे. जब टीम ने मौके पर पहुंच कर खंगलना शुरू किया तो सारा मामला खुलता चला गया.

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां अवैध रूप से देसी शराब का निर्माण किया जा रहा था और तैयार माल की अच्छी तरह से पैकिंग पर उसे असली शराब का रूप देकर अगल बगल के क्षेत्र में खपाया जा रहा था. बड़ी मात्रा निकटवर्ती बिहार राज्य में भी सीमा से पार करवा कर भेजा जाता है.

इतने बड़े कारोबार का संचालन एक दिन में तो हो नहीं सकता है. आशंका है कि बड़े पैमाने पर यह कारोबार पिछले कई महीनों से चलाया जा रहा था.

**पूर्व में भी पथरगामा का क्षेत्र रहा है चर्चा में**

बिहार की सीमा से लगे रहने के कारण पथरगामा क्षेत्र अवैध शराब कारोबारियों के लिए मुफीद जगह रही है. देशी शराब बनाने का कारोबार इस क्षेत्र में कुटीर उद्योग की तरह पनप रहा है. पूर्व के थानेदार ने अवैध शराब के नेक्सस को ध्वस्त करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इसपर लगाम लगाने का प्रयास किया था और काफी हद तक यह कारोबार थम भी चुका था. लेकिन प्रशासनिक कमजोरी के बाद एक बार फिर से अवैध कारोबार का धंधा फलने फूलने लगा है.

## बाइक के साथ 108 बोतल शराब बरामद, 1 गिरफ्तार

**गावां (गिरिडीह)।** गावां थाना पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ छापेमारी करते हुए 72 बोतल बियर और 36 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया है . साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान डूमरझारा निवासी छोटू साव के रूप में की गई है . बताया गया कि तस्कर शराब को गावां के जंगल से होते हुए बिहार ले जा रहे थे . जिसकी गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी की . थाना प्रभारी महेश चंद्र ने कहा कि गुप्त सूचना मिली थी कि गावां से जंगल के रास्ते बाइक पर लोड कर अंग्रेजी शराब बिहार ले जाया जा रहा है . जिसके बाद कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तिलैया-बंगालीबारा जंगल के रास्ते से शराब तस्कर को पकड़ लिया .



## ट्रेक्टर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** ट्रेक्टर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई . घटना बेंगाबाद थाना क्षेत्र के गेनरो पंचायत के रतुआडीह गांव की है. बताया जाता है कि शनिवार को रतुवाडीह में फुटबॉल मैच का आयोजन था. अवैध बालू लदी ट्रेक्टर रतुवाडीह की ओर जा रही थी. इसी क्रम में एक व्यक्ति ने ट्रेक्टर को रोक कर उस पर सवार हो गया. फुटबॉल मैच के मैदान के समीप जैसे ही पहुंचा कि वह चलती ट्रेक्टर से उतरना चाहा. इसी दौरान उनका पैर फिसल जाने के कारण वह ट्रेक्टर के नीचे आ गया, जिससे ट्रेक्टर ने कुचल डाला. जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई. मृतक की पहचान 44 वर्षीय तुम्बा मरांडी, पिता स्वर्गीय मोसो मरांडी, सामपुर, बुढ़ई थाना देवघर के निवासी के रूप में पहचान की गई है. घटना होते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई. वहीं ट्रेक्टर के चालक भागने की फिराक में थे लेकिन ग्रामीणों ने ट्रेक्टर के चालक को पड़क कर जमकर धुनाई कर दी. हालांकि इसकी सूचना बेंगाबाद थाना को मिलते ही थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह सदल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेते हुए शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया. वहीं चालक को अपनी हिरासत में लेते हुए अवैध बालू लदी ट्रैक्टर को बेंगाबाद पुलिस ने जप्त कर बेंगाबाद थाना ले आयी.

## रोटरी क्लब चास ने मनाया डांडिया

**संवाददाता। बोकारो**

चीरा चास स्थित रोटरी भवन में रोटरी क्लब चास द्वारा डांडिया का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर रोटरी की महिला सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थीं, वे खासी उत्साहित थी. पारंपरिक धुनों के साथ आधुनिक संगीत के मेल पर थिरकते प्रतिभागी पारंपरिक पोशाक पहन के आए थे.

कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की आरती से हुई और देश में शांति की कामना की. पूजा बैद, श्वेता रस्तोगी, ज्योति अग्रवाल, रितु केजरीवाल, अर्चना सिंह, सुमी कौर, डॉ पुष्पा, पूनम अग्रवाल, कविता मल्लिक, ललित चोपड़ा ने ढोलिडा ढोल बाजे और नगाड़े संग ढोल बाजे आदि गानों पर डांडिया और गरबा खेला.

रोटरी क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि डांडिया जीवंत उत्सव एवं मनोरंजन का स्रोत है. साथ ही समुदाय के सदस्यों के बीच संबंध बनाने का माध्यम भी है.

कार्यक्रम की संयोजक पूनम अग्रवाल और कविता मल्लिक ने संयुक्त रूप से कहा कि रोटरी क्लब चास ने हमेशा परंपरा और संस्कृति वह आगे बढ़ने का कार्य किया है.

चास रोटरी की महिला समिति की अध्यक्ष ललिता चोपड़ा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखने तथा समाज में एकता और सद्भावना का संदेश फैलाने का अवसर प्रदान करते हैं.

रोटरी क्लब के सचिव मुकेश अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति नवरात्र के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया गया है. मुकेश ने बताया कि मां की आराधना के पश्चात गरबा और डांडिया खेला जाता है.

इस अवसर पर डिंपल कौर, रंभा सिंह, शिवानी तनेजा, उषा सिंह, उर्मिला सिंह, जूली केडिया, आरती पारख, शैल रस्तोगी, प्रतिमा अग्रवाल, जसप्रीत कौर, राखी चौधरी, कल्याणी गुप्ता, छाया जायसवाल, चैरी मंड, कविता बंका सहित बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य उपस्थित थे.

# ओएनजीसी ने 6 दिव्यांगों को दी चार पहिया स्कूटी

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

भाजपा नेता सह बोकारो जिले के पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक की अनुशंसा पर ओएनजीसी ने अपने सीएसआर फंड से छह दिव्यांगों को चार पहिया स्कूटी दी है. कसमार प्रखंड के दांतू में शनिवार को आयोजित समारोह में कसमार, पेटरवार व जरीडीह प्रखंड के 6 दिव्यांगों के बीच चार पहिया स्कूटी का वितरण किया गया. भाजपा नेता लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान उक्त दिव्यांगों ने अपनी समस्या से अवगत कराते हुए स्कूटी उपलब्ध कराने की मांग की थी, ताकि उन्हें आवागमन में सहूलियत हो.

उन्होंने इस समस्या से केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्री को अवगत कराया. इसके बाद ओएनजीसी के अधिकारियों ने उक्त दिव्यांगों को स्कूटी वितरण की सहमति जताई. स्कूटी पाकर लाभुक जरीडीह प्रखंड के भस्की निवासी फागुन मरांडी, अरालडीह के करमा महतो, गांगजोरी के झुनु सिंह, कसमार प्रखंड के चट्टी निवासी भोला नाथ पाल, दांतू निवासी अजय कुमार व पेटरवार प्रखंड के चांदो निवासी चंदन कुमार काफी खुशी हैं.



लक्ष्मण नायक ने कहा कि जिन दिव्यांगों को योजना का लाभ नहीं मिल पाया है, उन्हें भी जल्द ही स्कूटी दी जाएगी. मौके पर डॉ विष्णु प्रकाश, पंसस नागेंद्र नायक, देवेंद्र गुप्ता, मायापुर मुखिया नंदकिशोर मरांडी, चांदो मुखिया राजेंद्र नायक, भस्की मुखिया मंटू राम मरांडी, राजेश पांडेय, नारायण साव, प्रताप सिंह, अजय कुमार, ननकू यादव, राहुल सिंह, ज्योति प्रसाद नायक, बबलू दसौंधी, रमेश दसौंधी, ओमकार नायक समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे.

# 56 वर्षों से खरगडीहा में मनाया जा रहा है दुर्गापूजा

▪ आस्था का केंद्र है, होती है वैष्णवी पूजा

**संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)**

जमुआ थाना क्षेत्र के लंगटा बाबा नगरी में वर्ष 1966 से दुर्गोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है.

यहां दुर्गा मन्दिर की अलग ही परंपरा है. इस मन्दिर की स्थापना वर्ष 1966 ई० में हुआ था, तब से आज तक इस मन्दिर में वैष्णवी पद्धति से पूजा होता आ रहा है.

यहां दस दिनों तक पूजा और रात्रि में प्रवचन होता है. सप्तमी से दशमी तक चार दिनों तक भव्य मेला और रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है.

महानवमी 11 अक्टूबर को डांस खरगडीहा डांस सीजन 13 का भी विशेष आयोजन किया



जाएगा. एकादशी में विसर्जन की परंपरा के अनुसार ही की जाती है.

**पूजा सम्पन्न कराने के लिए कमिटी गठित**

खरगडीहा मुखिया सुनील कुमार साहू उर्फ पप्पू साव की उपस्थिति में सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति का गठन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी किया गया. जिसमें अध्यक्ष सत्यनारायण साव, सचिव रविन्द्र साहू, उप सचिव अनूप कुमार साहू, मीडिया प्रभारी अनूप राम, आशीष भदानी, उपाध्यक्ष रविभदानी एवं कोषाध्यक्ष सुंदर राम भदानी व दयानंद प्रसाद साहू को बनाया गया है. बतौर सदस्य मनीष भदानी, सुमित साहू, पिंटू साहू, नंदकिशोर साहू, पप्पू साहू, रामेश्वर ठाकुर शामिल हैं.

**विधि व्यवस्था को लेकर जमुआ पुलिस मुस्तैद**

जमुआ थाना प्रभारी ने बताया कि खरगडीहा में दुर्गा पूजा को लेकर जमुआ पुलिस विधि व्यवस्था के लिए मुस्तैद रहेगी.

## उपायुक्त ने खेल क्लब को दी सहायता राशि

**गोड्डा।** जिला के निबंधित सिद्धो कान्हू युवा खेल क्लब के नाम पर्यटन कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग की ओर से उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा पच्चीस हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया. इस अवसर पर उपायुक्त श्री कमर ने कहा कि इस सहायता राशि से युवा खेलों में सक्रिय रूप से भाग ले सकेंगे. उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध होंगे. प्राप्त राशि का उपयोग प्रशिक्षण सत्र आयोजित करने, उपकरण खरीदने और खेल सुविधाओं के विकास में किया जाएगा. जिसमें सभी ग्राम स्तर के खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा. गोड्डा जिले में सभी ग्राम स्तर पर सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया जा चुका है. उक्त क्लबों का रजिस्ट्रेशन सोसाइटी एक्ट 1860 के तहत निबंधन का कार्य सभी प्रखण्ड स्तर पर नामित नोडल पदाधिकारी द्वारा एवं जिला खेल कार्यालय से भी किया जा रहा है. इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी गोड्डा वैद्यनाथ उरांव, जिला खेल पदाधिकारी डॉ0 प्राण महतो सहित खेल विभाग के कर्मीगण मौजूद थे.

## बेघरों को आवास मुहैया कराने की मांग



**जमुआ (गिरिडीह)।** जिला परिषद 13 जमुआ की सदस्य कुमारी प्रभा वर्मा ने शनिवार को उप विकास आयुक्त गिरिडीह से मिल कर अपने क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करायी. इस दौरान जमुआ के तारा, धुरगडगी, बदडीहा 1, पिंडरसौत पंचायत के विभिन्न गांव में भारी बारिश से दर्जनों लोगों का घर क्षतिग्रस्त हो गया है. इसे गंभीरता से लेते हुए कुमारी प्रभा वर्मा ने उप विकास आयुक्त से सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ आवास उपलब्ध कराने की मांग रखी. जिला परिषद सदस्या ने डेढ़ दर्जनों लोगों का क्षतिग्रस्त मकान के गृह स्वामी को आवास उपलब्ध कराने की मांग रखी है. इधर उप विकास आयुक्त ने जांच पड़ताल कर हर संभव सहयोग करने की बात कही. कुमारी प्रभा वर्मा के साथ समाजसेवी दिगम्बर प्रसाद वर्मा भी मौजूद थे.

## 930 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**साहिबगंज।** शनिवार को उधवा प्रखंड राजमहल अनुमंडल पुलिस ने राधानगर थाना क्षेत्र के साल्टी पोखर के समीप छापेमारी कर एक चार चक्का वाहन से 930 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को हिरासत में लिया है. शनिवार को राजमहल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विमलेश कुमार त्रिपाठी ने अपने कार्यकाल में प्रेस वार्ता कर उक्त जानकारी दी. उन्होंने बताया कि इस कार्य में प्रयुक्त वाहन संख्या जेएच 05 डी 0975 को भी जप्त किया गया. साथ ही तीन मोबाइल फोन व नगदी भी बरामद किया गया है. इस संबंध में राधानगर थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियुक्त अब्दुल रज्जाक (45), गांव मुर्गी टोला, थाना राजमहल व इम्तियाज खान (31) साकिम एवं थाना-खरसवॉ, जिला सरायकेला-खरसावां के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अन्य बिंदुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है. शनिवार को दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है. छापामारी दल में रिजर्व गार्ड विरेन्द्र यादव व विनोद टुडू सहित अन्य शामिल थे.

## एडीपीओ ने की मासिक अपराध नियंत्रण गोष्ठी

**साहिबगंज।** अनुमंडलीय कार्यालय में शनिवार को एसडीपीओ कक्ष में अपराध नियंत्रण गोष्ठी हुई. अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की. उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव व पर्व-त्योहार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनाने व अपराध नियंत्रण सम्बंधी टिप्स दिए. उन्होंने असमाजिक तत्वों को चिन्हित करने, शांति व सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाने, मोटरसाइकिल की चोरी व घरों में चोरी पर रोक लगाने, रात्रि गश्ती पर विशेष फ़ोकस करने, गश्ती के दौरान संदिग्ध लोगों की जांच करने का निर्देश दिया.

## प्रस्तावित हड़ताल पर श्रम विभाग ने दिया निर्देश

**बोकारो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ के द्वारा 19 अक्टूबर 2024 को प्रस्तावित हड़ताल पर श्रम विभाग हरकत में आया है. श्रम विभाग के सहायक श्रम आयुक्त (कें.) आर के कुरारिया ने निदेशक प्रभारी, बोकारो इस्पात संयंत्र को निर्देश दिया है कि यूनियन द्वारा उठाए गए मुद्दे का शीघ्र निवारण करें. गौर तलब है कि बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सैकड़ों सदस्यों के साथ गुरुवार को मौन जुलूस निकाल कर बोकारो इस्पात सयंत्र में 24 घंटे का हड़ताल का नोटिस दिया था. यूनियन ने हड़ताल की चेतावनी देते हुए वेज रीविजन का एमओए जल्द करने तथा 15% एमजीबी और 35% पर्क्स के साथ फिटमेंट और पर्क्स का एरियर का भुगतान करने, प्रोडक्शन के हिसाब से प्रोडक्शन रिलेटेड पे को लागू करने, एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन बंद करने, बोकारो के स्थांतरित कर्मियों को वापसी करने, सेक्रेट बैलेट इलेक्शन के माध्यम से बोकारो इस्पात संयंत्र में मेंबर वेरिफिकेशन आयोजित करने की मांग की है.

## मुखिया व सीएससी संचालकों ने सीओ का किया स्वागत

**कसमार (बोकारो)।** कसमार अंचल में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार से शनिवार को कसमार प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया ने मुलाकात कर गुलदस्ता देकर स्वागत किया. इस दौरान सभी प्रतिनिधियों ने कसमार अंचल के सभी पंचायत की संक्षिप्त जानकारी देते हुए समस्या से अवगत कराया. सीओ प्रवीण कुमार ने सभी प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि कसमार अंचल में किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत हो तो तुरंत सूचना दें, समस्या का त्वरित निदान किया जाएगा. मौके पर मुखिया हारू रजवार, राजेंद्र महतो, परिपुषा कुमारी, सुमित्रा देवी, चंद्रशेखर नायक, चंद्रशेखर हेम्ब्रम, विजय जायसवाल, सरिता देवी, गीता देवी, घनश्याम महतो, मनोज महतो, अरविंद महतो समेत अन्य प्रतिनिधि मौजूद थे. इधर इसके अलावा कसमार प्रखंड के अलग-अलग पंचायतों में कार्य करने वाले प्रज्ञा केंद्र संचालकों ने भी कसमार सीओ से भेंट कर उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया. मौके पर प्रज्ञा केंद्र संचालक दीपक कुमार महतो, करमचंद महतो, समीर भट्टाचार्य, हरिनारायण प्रसाद, अतुल रंजन, मुदस्सर नजीर अंसारी, बिनोद बिहारी महतो, मदन महतो, विवेक रंजन, संजय महतो, श्रीकांत सोरेन व अन्य प्रज्ञा केंद्र संचालक मौजूद थे.

## जमसं मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से मिले

**बोकारो।** शनिवार को इस्पात जनता मजदूर संघ के पदाधिकारी एवं बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर डॉ. विभूति भूषण करुणामय एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी चिकित्सा प्रशासन डॉ.वर्षा घाणेकर से एक शिष्टाचार मुलाक़ात की. संघ के मांग के आलोक में बी.जी.एच में आकास्मिक दुर्घटना वार्ड का नवीन निर्माण एवं उसमें अच्छे रख रखाव एवं सुविधाओं को देखकर फूलों का गुलदस्ता देकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का अभिनंदन किया गया. संघ के सदस्यों में मुख्य रुप से अध्यक्ष तारकेश्वर महतो, विशेष रुप से संयुक्त महामंत्री आशा देवी के अथक प्रयास एवं कुशल नेतृत्व के लिए सभी सदस्यों ने खूब सराहना की. कार्यालय सचिव सह मीडिया प्रभारी गंगेश कुमार पाठक ने कहा कि नया वार्ड की सुविधा से मरीज लाभान्वित होंगे, लेकिन अभी भी अस्पताल में 55 मरीज के सेवा में सिर्फ 2 नर्स होते हैं, डाक्टर की बहाली अतिआवश्यक है. डॉ. करुणामय ने कहा कि जल्द ही और मुख्य मांगों पर विचार कर कार्यान्वित किया जाएगा. उपस्थिति में डॉ जानसन, डॉ शेखर, सुमित सिंह, नरेश कुमार आदि अन्य थे.

## वेलफेयर फंड ट्रस्टी ने जारी की अधिवक्ताओं का लिस्ट

**बोकारो।** बोकारो के झारखंड एडवोकेट्स वेलफेयर फंड ट्रस्टी कमिटी के सदस्यों का लिस्ट झारखंड स्टेट बार काउंसिल के सदस्य प्रयाग महतो द्वारा शनिवार को बोकारो के अधिवक्ताओं के समक्ष जारी किया गया. इस दौरान श्री महतो ने बताया कि बोकारो सिविल कोर्ट से 872 अधिवक्ता इस कमिटी के सदस्य बने हैं, जिन्हें विभिन्न वेलफेयर स्कीम का लाभ दिया जाना है. इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर रणजीत गिरि ने श्री महतो से मिलकर अधिवक्ताओं के विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी दी. जिसका समाधान करने का उन्होंने आश्वासन दिया. मौके पर बोकारो बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा, रंजन कुमार मिश्रा, अतुल कुमार, फटीक चंद्र सिंह, संजय कुमार प्रसाद, मो हसनैन आलम, धनंजय सिंह, संजीत महतो, संदीप सिंह, आशीष कुमार, दीपिका सिंह, वंशिका सहाय, संजीत कुमार सिंह, अशोक महथा, राणा प्रताप शर्मा, रीना कुमारी, शंकर दे, अशोक यादव, निखिल कुमार दे, सुभाष चंद्र नायक व अन्य अधिवक्ता शामिल थे.

## डीएवी सेक्टर 4 में गरबा नृत्य कर मां दुर्गा का किया आह्वान

**बोकारो।** या देवी सर्वभूतेषु सर्वरुपेण-- अर्थात् नवरात्रि नवदुर्गा शुभ संकेत के साथ सभी रूप में जन कल्याण के लिए समर्पित मां दुर्गा का आह्वान डांडिया नृत्य के द्वारा डीएवी सेक्टर 4 में किया गया. सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित करके असतो मां सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय के भाव को प्रदीप्त किया गया. तत्पश्चात बच्चों ने स्वागत गान प्रांगण में आपका स्वागत है गा करके अपने अतिथि भाव को भी प्रदर्शित किया. डीएवी सेक्टर 4 में डांडिया तथा गरबा नृत्य के वृहद आयोजन में यूकेजी, कक्षा एक, दो के बच्चे तथा उनके साथ उनकी मां भी उनका साथ देने के लिए सहर्ष तैयार थीं. नन्हे मुन्ने के हाथों में डांडिया और उनके पोषाक तथा मातृत्व शक्ति को उनके निर्देशन में नृत्य करते हुए देखकर पूरा प्रांगण रोमांचित हो उठा. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा मां दुर्गा के श्रेष्ठतम रूप को अपने नृत्य के द्वारा प्रदर्शित किया गया. बाजे रे ढोल बाजे गुजराती भाषा में डांडिया प्रस्तुत कर बच्चों ने अद्भुत नृत्य कला का प्रदर्शन किया. विद्यालय के प्राचार्य सर्बेन्दु, शेखर कर ने प्रांगण में उपस्थित अभिभावकों, शिक्षकों, बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में आध्यात्मिकता का विकास मन को शांत बुद्धि संवर्धन तथा नैतिक मूल्यों के रक्षार्थ होना चाहिए. नृत्य संगीत के द्वारा सहजता से बच्चों में उद्दात धार्मिक मूल्यों को संप्रेषित किया जा सकता है. उन्होंने अपनी अभिव्यक्ति देते हुए कहा कि वेद का ज्ञान है तो विज्ञान की शिक्षा भी उतना ही अनिवार्य है.

